IJARSCT

International Journal of Advanced Research in Science, Communication and Technology

International Open-Access, Double-Blind, Peer-Reviewed, Refereed, Multidisciplinary Online Journal

ISSN: 2581-9429

Volume 5, Issue 3, July 2025

Impact Factor: 7.67

# स्वच्छता अभियान का इन्दौर शहर के स्वास्थ्य पर प्रभाव

**कु. शिल्पा कैथवास**

शोधार्थी, वाणिज्य विभाग,

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री अटल बिहारी वाजपेजी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर म.प्र.

**डॉ. आशीष पाठक**

प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग,

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, श्री अटल बिहारी वाजपेजी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर म.प्र.

**शोध सारांश**

कहा जाता है कि स्वच्छता ही स्वस्थ्य जीवनशैली का प्रतीक है और स्वच्छता ही सकारात्मक विचारों की आधारशिला है। उक्त विचारधारा वर्तमान समय में सत्य सिद्ध हो रही है, भारत स्वच्छता अभियान अपनी चरम सीमा पर है अर्थात् सम्पूर्ण विश्व में भारत स्वच्छता अभियान की ही चर्चा है। इसी बीच भारत का इन्दौर शहर, सबसे स्वच्छ शहर की विमल पताका फहरा रहा है। इंदौर में जहाँ देखों वहाँ स्वच्छता ही विद्यमान है, और स्वच्छ स्थानों पर स्वास्थ्यवर्धक, वातानुकूलित वातावरण स्वयं ही विद्यमान हो जाता है। इन्दौर स्वच्छ अभियान के दौरान इन्दौर शहर के नागरिकों की स्वच्छ व स्वस्थ्य जीवनशैली को देखकर यही प्रतीत होता है कि सच में स्वच्छता ही स्वस्थ्य व स्वास्थ्यवर्धक जीवन का सशक्त प्रमाण है।